



## एक नजर में

### वर्षा ऋतु में जलजनित मौसमी बीमारियों की रोकथाम के उपाय

**खंडवा।** वर्षा ऋतु में संक्रामक रोग जैसे हैजा, उल्टी-दस्त, पैचिस, खसरा, मलेरिया, पीलिया जैसी बीमारियां अधिक होती है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि नदी, तालाब जैसे जल स्त्रोतों के आसपास लोग मल त्याग करते हैं, तो मल में मौजूद रोगाणु पानी में मिल जाते हैं। जब इस पानी का उपयोग खाने या पीने के लिए किया जाता है, तो यह रोगाणु मनुष्य शरीर में प्रवेश कर जाता है, जिससे दस्त, हैजा, टायफाईड, पीलिया,खूनी पैचिस, तथा पेट में कृमि बीमारी तथा आंव दस्त जैसी कई बीमारियां होती हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने नागरिकों को सलाह दी है कि वर्षा ऋतु में जल जनित रोगों से बचाव के लिए हमेशा शुद्ध जल का प्रयोग करें। पानी को हमेशा छानकर उपयोग में लाएं। पीने के पानी को दोहरे कपड़े से छानकर और ढंक कर रखें। उन्होंने बताया कि दस्त रोग होने पर ओ.आर.एस. पैकेट एक लीटर स्वच्छ व शुद्ध पानी को घोलकर रोगी को पिलाना शुरू कर देना चाहिए। चौबीस घण्टे के अन्दर यह घोल अधिक से अधिक मात्रा में पिलाना चाहिए तथा 24 घण्टे के बाद बचा हुआ घोल फेंककर दूसरे पैकेट का घोल बनाना चाहिए। दूध पीने वाले शिशु का दूध बंद नहीं करना चाहिए। दस्त के साथ उल्टियां शुरू होने पर शीघ्र ही स्वास्थ्य कार्यकर्ता या चिकित्सक को बताकर उपचार लेना चाहिए। ओ.आर.एस. पैकेट सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता के पास नि:शुल्क उपलब्ध रहते हैं।

### मनीष कुमार मलानी बने राष्ट्रीय महामंत्री राष्ट्रीय बैठक में मिला नवीन दायित्व




**खंडवा के सिन्धी समाज ने हर्ष व्यक्त करते हुए दी शुभकामनाएं**

**खंडवा।** भारतीय सिन्धू सभा की मुम्बई में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय बैठक में राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा खण्डवा के सक्रिय युवा मनीष कुमार मलानी को युवा शाखा में राष्ट्रीय महामंत्री का दायित्व प्रदान किया गया। सिन्धी समाज एवं भारतीय सिन्धू सभा खंडवा के प्रवक्ता कमल नागपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त घोषणा मुंबई में विगत दिवस की गई। उल्लेखनीय है कि मनीष मलानी पूर्व से भारतीय सिन्धू सभा युवा शाखा में प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी के दायित्व का निर्वहन उत्कृष्ट रूप से कर रहे थे और साथ ही अन्य सेवा कार्यों जैसे गौसेवा, युवाओं के लिए रोजगार एवं साहित्य सेवा, सिन्धी भाषा के लिए सेमिनार, बाल संस्कार सत्संग शाला एवं लठबाजी प्रशिक्षण और अन्य सामाजिक धार्मिक गतिविधियों में बाल्यकाल से सक्रिय रहे हैं। उनकी कार्यशैली को देखते हुए संगठन में यह नवीन जिम्मेदारी दी गई है। इस उपलब्धि पर भारतीय सिन्धू सभा खंडवा के संरक्षक गेहीराम सीतलानी,अध्यक्ष घनश्याम वाधवा, महामंत्री महेश चंदवानी, उपाध्यक्ष किशोर लालवानी, युवा शाखा अध्यक्ष पवन डेंबरा, महामंत्री अमित हिंदुजा,उपाध्यक्ष रवि आसवानी,युवा सामाजिक कार्यकर्ता अमित वैढानी, जैकी रेवतानी,विक्रम सहजवानी,नरेश लालवानी, प्रवक्ता कमल नागपाल एवं अन्य अनेक समाज जन ने बधाई एवं उज्वल भविष्य हेतू शुभकामनाएं दी।

### मांधाता विधायक नारायण पटेल ने पेवर ब्लॉक और टीन शेड निर्माण का किया भूमिपूजन





**मून्दी।** नाग पंचमी के पावन अवसर पर मांधाता विधायक नारायण पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष ज्योतिबाला चंद्रमोहन राठौर नगर के श्याम सिंह बाबा मंदिर पहुंचकर बाबा के दर्शन पूजन कर विधायक नारायण पटेल के द्वारा पेवर ब्लॉक टीन शेड का भूमि पूजन किया गया। नारियल और आवले के पौधे का रोपण किया गया। आने वाले समय में पेवर ब्लॉक टीन शेड निर्माण होने से कीचड़ से मुक्ति मिलेगी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष राजनारायण मंडलोई,पार्षद जागृति दिनेश मालवीय, पार्षद एवं मंडल महामंत्री धर्मेंद्र राठौर, सांसद प्रतिनिधि चंद्रमोहन राठौर,पार्षद प्रतिनिधि दिनेश चौधरी ,दिनेश मालवीय,राजेंद्र डोडे,पंडित सुरेंद्र कोठारी,पंकज डोंगरे,शैलेन्द्र महोदय,महंत विजेंद्र राव( गुड्डू भैय्या ) महेंद्र दसौंधी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय जैन,नगर परिषद के कर्मचारी सहित नागरिक गण उपस्थित रहे।

### कलेक्टर गुप्ता ने कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण



**खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में बनाये गए जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने कंट्रोल रूम में कार्यरत कर्मचारियों को निर्देश दिए कि विकासखंड स्तर पर बनाए गए नियंत्रण कक्षों के संपर्क में रहें। कोई भी महत्वपूर्ण सूचना आने पर वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराएं। इस दौरान अपर कलेक्टर अरविंद चौहान तथा एस. आर. सोलंकी भी मौजूद थे। कलेक्टर श्री गुप्ता ने अपर कलेक्टर श्री चौहान को निर्देश दिए कि नर्मदा नदी एवं अन्य नदियों में बढ़ते जलस्तर की मॉनिटरिंग करते रहें तथा नदी तट पर स्थित निचले इलाकों के गांवों में मुनादी कराकर कोटवारों के माध्यम से बढ़ते जलस्तर से होने वाले खतरों के प्रति ग्रामीणों को सचेत करते रहें। उन्होंने कहा कि बाढ़ की स्थिति में निचले इलाकों में रह रहे ग्रामीणों को ऊपरी क्षेत्र में शिफ्ट करने की व्यवस्था भी की जाए।

# नाग मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु जिलेभर में नागपंचमी पर्व श्रद्धा से मनाया

## गादियों से निकली छड़ियों का हुआ पूजन, मंदिर में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने श्रीफल चढ़ाए

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** जिलेभर में श्रावण शुक्ल की पंचमी को नागपंचमी पर्व श्रद्धा से मनाया गया। नाग पंचमी पर नाग मंदिरों और शिव मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ जुटने लगी थी, यह सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। वहीं नगर के प्रमुख मंदिरों से छड़ी भी निकाली गई।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि शहर के प्रमुख रामेश्वर कुंड स्थित नाग मंदिर, पं. दीनदायलपुरम स्थित भीलट देव मंदिर, कुंडलेश्वर वार्ड स्थित भीलटदेव मंदिर, ब्राहमणपुरी स्थित श्री भीलटदेव नाग मंदिर, हाटकेश्वर वार्ड स्थित श्री मुकंदराम महाराज नाग मंदिर सहित कई मंदिरों में पूजा अर्चना का दौर चलता रहा। इसी तरह शहर के आस पास स्थित प्राचीन मंदिरों में भी भक्तों ने पहुंचकर दर्शनों का लाभ लिया। रूस्तमपुर स्थित गुप्तेश्वर महादेव मंदिर, देवझिरी, नागचून तालाब में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर भगवान की पूजा अर्चना की। नगर सहित ग्रामीण अंचल में नाग पंचमी पर्व पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

वहीं शहर के प्रमुख नाग मंदिरों से नाग मंदिरों से नाग बाबा की छड़ी धुमधाम से निकाली गई। जिसे स्नान पूजन के बाद वापस मंदिर ले जाकर आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। हाटकेश्वर वार्ड मुकुंदराम महाराज की शेषनाग मंदिर में




प्रातः पूजन के साथ भक्तों ने पहुंचकर पूजा अर्चना की। साथ ही पानी दफ्तर गली नाग मंदिर से भी सुबह 10 बजे मंदिर से श्री नागबाबा की छड़ी निकली जो शिवाजी चौक, खडकपुरा, मेन हिंदी स्कूल के सामने, खारी बावडी, राठौर मोहल्ला तथा इमलीपुरा होते हुए रामेश्वर क्षेत्र स्थित आम्रकुंज स्थित नाग मंदिर में स्नान, पूजा अर्चना और आरती के बाद छड़ी वापस मंदिर पहुंची। यहां आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। रामेश्वर मंदिर पहुंचे जहां भीलट देव का अभिषेक कर छड़ियों का पूजन कर स्नान करवाकर वापस अपनी गादी पर पहुंचे। रास्ते में श्रद्धालुओं को छड़ियों से आशीर्वाद प्रदान किया गया।

रामेश्वर स्थित आम्रकुंज नाग मंदिर में सुबह 6 बजे से ही श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए पहुंचने लगे थे। शाम तक यहां लोगों को दर्शनों के लिए लंबी कतार में खड़े होकर इंतजार करना पड़ा। वहीं पूरे क्षेत्र में मेले जैसा माहौल रहा। मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं द्वारा हजारों नारियल चढ़ाए गए तथा सुख शांति की कामना की गई। दीनदयालपुरम कॉलोनी स्थित नागलवाड़ी भीलटदेव मंदिर पर भी नाग पंचमी उत्सव श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। इसी प्रकार कुंडलेश्वर वार्ड स्थित भीलटदेव मंदिर में भी सुबह से ही दर्शन पूजन हेतु बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। भीलट देव गादी समिति पर नाग पंचमी का त्योहार बहुत धूम धाम से मनाया खंडवा के संजय नगर दादाजी वार्ड मोहन कटारे (कालू बाबा) के यहा नांगल वाड़ी के भीलट बाबा की गादी पर श्रद्धालुओं ने पूजन किया।

पुजारी मोहन कटारे कालू बाबा ने बताया आज नाग पंचमी के दिन नाग देवता का अभिषेक कर आकर्षक श्रृंगार किया और नागपंचमी का त्योहार मनाया और सभी भक्तों ने बाबा का आशीर्वाद लिया और इसके बाद महा प्रसादी का वितरण हुआ देवी लाल कटारे, प्रवेश नरेडी , प्रतिक नरेडी, कन्हैया मंडलोई,राहुल राठौर,रवि बावने, दीपु,कन्हैया कटारे,कमलेश गुप्ता,दिलीप नरेडी, सचित राठी प्रणय बजाज, राकेश जगताप, सतीश जगताप, लोकेश बजाज, राकेश कटारे,कपिल वर्मा, आलोक भाई, शंकर पंसारे, शांतिलाल के सानिया, सचिन राजपूत,मुकेश कटारे,सेवादास पटेल, आशीष चटकले,सचिन जगताप जतिन मंडलोई आदि सभी श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## सोमवार को शीघ्रदर्शन हेतु 4061 ऑनलाइन टिकिट बुकिंग से 12.18 लाख रू. की आय



**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। कलेक्टर ऋषव गुप्ता के मार्गदर्शन में ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर की व्यवस्थाओं में लगातार सुधार आ रहा है। "ई-आराधना" और "शीघ्र दर्शन" की ऑनलाइन सुविधा से श्रद्धालुओं को काफी राहत मिली है और मंदिर प्रबंधन की आय में भी लगातार वृद्धि हुई है।**

एसडीएम पुनासा शिवम प्रजापति ने बताया कि ओंकारेश्वर मंदिर ट्रस्ट द्वारा वेबसाइट के माध्यम से जलाभिषेक, पार्थेश्वर पूजन, कालसर्प दोष पूजा, महामृत्युंजय जाप और विश्रामालय में रुकने के लिए ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा मिलने से श्रद्धालुओं को अब कोई परेशानी नहीं होती है। श्रद्धालुगण अब अपने घर बैठे ही ई-आराधना के माध्यम से वर्चुअली पूजन में शामिल हो सकते हैं।

### ओंकारेश्वर की "ई-आराधना" सुविधा से दर्शन-पूजन करना हुआ आसान

श्रद्धालु अब कहीं से भी ओंकारेश्वर मंदिर की ऑफिशियल वेबसाइट shriomkareshwar.org के माध्यम से ऑनलाइन पूजा व शीघ्र दर्शन की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। श्रद्धालुओं को वेबसाइट पर जाकर पूजन के लिए तिथि व समय बुक करना होगा। बुक किये गये निर्धारित समय पर भक्तगण वीडियो लिंक के माध्यम से पूजन व अभिषेक में घर बैठे शामिल हो सकते हैं।

एसडीएम पुनासा शिवम प्रजापति ने बताया कि श्रावण मास के तीसरे सोमवार को शीघ्र दर्शन के लिए 300 रुपए प्रति टिकट के मान से कुल 4061 ऑनलाइन टिकट की बुकिंग से 12.18 लाख रुपए की आय मंदिर प्रबंधन को हुई है। इसके अलावा सोमवार को जलाभिषेक की 8, पंचामृत पूजन की 1, विश्रामालय की बुकिंग कुल 3, श्री सोमवार सवारी 1, ई-जलाभिषेक की 1 और ई-पंचामृत पूजन की 1 बुकिंग हुई है।

### खंडवा में 30, हरसूद 15, पंधाना 3, पुनासा 17, खालवा में 16 मिमी हुई बारिश

**खंडवा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 16.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया पिछले चौबीस घंटे में पुनासा तहसील में 17 मिलीमीटर, हरसूद तहसील में 15 मिली मीटर,खण्डवा में 30 मिलीमीटर,पंधाना में 3 मिलीमीटर एवं खालवा तहसील में 16 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष 29 जुलाई तक 412.6 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी। जबकि इस वर्ष अब तक जिले में 312.2 मि.मी.औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक खंडवा तहसील में 370 मिली मीटर, हरसूद तहसील में 323 मिली मीटर, पन्धाना तहसील में 242 मिली मीटर, पुनासा तहसील में 253 मिली मीटर तथा खालवा तहसील में 373 मिली मीटर वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है। उल्लेखनीय है कि खंडवा जिले की औसत वर्षा 808 मिलीमीटर है।

## जनसुनवाई में पेंशन,पंचायत,अतिक्रमण के आवेदन आए



**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण के लिए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए।**

जनसुनवाई में ग्राम चट्टू-बट्टू निवासी इंद्रसिंह, नैनसिंह, शोभाराम, श्यामलाल ने वन अधिकार अधिनियम के तहत पट्टा नहीं मिलने की शिकायत कलेक्टर श्री गुप्ता से की, जिस पर उन्होंने सहायक आयुक्त अनुसूचित जनजाति विकास को आवेदकों की पात्रता का परीक्षण कर उन्हें पात्रता अनुसार पट्टा दिलाने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में सेवानिवृत्त लेखपाल किरण दास ने कलेक्टर श्री गुप्ता को आवेदन देकर बताया कि वह वर्ष 2012 में सेवानिवृत्ति हुआ था वर्ष 2023 फरवरी माह से बिना किसी सूचना के उसे पेंशन मिलना बंद हो गई है,जिससे परिवार के पालन पोषण में काफी परेशानी आ रही है,जिस पर कलेक्टर ने जनपद पंचायत खंडवा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को मामले की जांच कर आवेदक की पेंशन चालू करवाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में लक्ष्मण पिता तोताराम निवासी तलवाड़िया ने कलेक्टर को आवेदन देकर बताया कि उसके गांव के ही अन्य ग्रामीण जोगी लाल, रघुनाथ, पप्पू और बल्लू ने उसकी भूमि पर कब्जा कर अतिक्रमण कर लिया है, जिस पर उन्होंने तहसीलदार को निर्देश दिए कि अतिक्रमण हटाकर आवेदक को उसकी भूमि पर वापस कब्जा दिलवाया जाए।

इसके अलावा ग्राम पंचायत पल्कना के निवासी तहसीन खान ने पंचायत में हुए करोड़ों के घोटाले के जांच की मांग कलेक्टर से की, और बताया कि पंचायत द्वारा जानकारी मांगे जाने पर कोई जानकारी नहीं दी जा रही है तथा उसे धमकाया जा रहा है,जिस पर कलेक्टर ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को मामले की जांच कर दोषी कर्मचारियों के विरूद्ध दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

इस दौरान अपर कलेक्टर के.आर. बड़ोले और अरविंद चौहान, संयुक्त कलेक्टर एस. आर.सोलंकी सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

## कलेक्टर से लगाई गुहार, मेरी दोनों पत्नियों को समझाया जाए



**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** जनसुनवाई में एक अनोखा मामला सामने आया। जहां एक नेत्रहीन शख्स अपनी दो पत्नियों की शिकायत लेकर कलेक्टर के सामने पहुंचा। गुहार लगाई की मेरी दोनों पत्नियों को समझाया जाए साथ रहने के लिए। जिस के बाद कलेक्टर ने महिला बाल विकास विभाग,महिला थाने में इस मामले को पहुंचा दिया।

ट्रेन में सामान बेचकर गुजारा करने वाले नेत्रहीन शफीक शेख खरगोन के रहने वाले दो पत्नियों से परेशान होकर खंडवा कलेक्टर के पास गुहार लेकर पहुंचा। उसका कहना था कि मेरी दोनों पत्नियों साथ में नहीं रहना चाहती हैं। वे चाहती हैं कि एक को छोड़कर वह उसके साथ रहे, उसके ऊपर दबाव डालते हैं। मैं चाहता हूं कि वह दोनों एक साथ रहे इसलिए मैं आज कलेक्टर के पास जनसुनवाई में आया था ताकि मैं दोनों को साथ में रख सकूं।

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि दो पत्नियों को साथ में रखने का आवेदन लेकर एक आवेदक आया था, जिसने बताया कि उसकी दोनों पत्नियां साथ में नहीं रह रही हैं। मामला पारिवारिक था इसलिए महिला बाल विकास और महिला थाने के सुपुर्द कर दिया गया है।

## हाइवे पर वाहनों की भिड़त में तीन की मौत,घायलों का किया जा रहा इलाज







**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** मंगलवार शाम हुए एक दर्दनाक हादसे में एक साथ तीन पीढ़ियों की मौत हो गई, तो वहीं तीन अन्य घायल हैं, जिनका इलाज जारी है। दरअसल इंदौर इच्छापुर हाईवे के रोशिया फाटे पर बाइक और बोलेरो में आमने-सामने की भिड़त हुई। इसी बीच अचानक वहां से गुजर रही टवेरा वाहन भी इस हादसे की चपेट में आ गई, और तीनों ही वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। जिसके बाद हादसे में एक बालक के पिता और उसके दादा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया तो वहीं बालक ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते मे अंतिम सांसे लीं। हालांकि उसे तुरन्त इमरजेंसी वार्ड में शिफ्ट कर डाक्टरों ने करीब 20 मिनट सीपीआर देकर बचाने की कोशिश की, लेकिन शरीर में कोई हलचल न होने के चलते अंत मे उसे भी मृत घोषित कर दिया गया। वहीं हादसे में 3 अन्य घायल हैं जिनका फिलहाल इलाज जारी है।

खंडवा के छैगांव माखन थाना अंतर्गत इंदौर इच्छापुर नेशनल हाईवे रोड पर मंगलवार शाम एक बोलोरो और कार की अचानक आमने सामने से टक्कर हो गयी। इस दौरान बाइक पर ग्राम चिचगोहन के रहने वाले आपस मे रिश्तेदार चार लोग सवार थे, तो वहीं बोलेरो में ग्राम खेरदा के 2 लोग सवार थे। ये हादसा हुआ ही था कि अचानक सामने से आ रहा एक टवेरा वाहन भी इनसे टकरा गया जिसमें सिंगाजी समाधी स्थल जा रहे ग्राम चिचगोहन के ही करीब 10 लोग सवार थे। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई और अफरा तफरी का माहौल हो गया।

घटना स्थल पर दो लोगों की मौत हो गई,वहीं एक 15 वर्षीय बालक अंशु रायकवार को घायल हालत में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गई। इस तरह हादसे में पोते अंशु रायकवार (15 वर्ष), पिता विनोद रायकवार (35 वर्ष) सहित दादा लक्ष्मण रायकवार (62 वर्ष) की मौत से एक ही परिवार की तीन पीढ़ियां एक साथ काल के गाल में समा गयीं।

**बैठक** — प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों के निर्माण और विक्रय पर प्रतिबंध

# पुराने जर्जर भवनों में स्कूल और आंगनवाड़ी संचालित ना करें



**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने मंगलवार शाम को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी स्कूल या आंगनवाड़ी किसी भी पुराने जर्जर भवन में संचालित ना हो, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्षाकाल में जर्जर भवनों में दुर्घटना की आशंका रहती है, इसे ध्यान में रखते हुए आंगनवाड़ी व स्कूलों को अच्छे भवनों में शिफ्ट करें। यदि शासकीय भवन उपलब्ध न हो तो किराए के भवन में व्यवस्था करें।

कलेक्टर ने आगामी दिनों में गणपति उत्सव एवं नवदुर्गा उत्सव से पूर्व मिट्टी की मूर्तियों के निर्माताओं को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष अभियान आरंभ करने के लिए कहा, तथा प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों के निर्माण और विक्रय पर प्रतिबंध लगाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने पिछड़ा वर्ग, सहकारिता व खनिज विभागों में ई-ऑफिस से फाइलें ना भेजने पर नाराजगी प्रकट की। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सेवानिवृत कर्मचारियों अधिकारियों के लंबित पेंशन प्रकरणों का त्वरित निराकरण करें।

कलेक्टर ने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्र में यह सुनिश्चित करें कि पुल पुलिया पर पानी होने की स्थिति में कोई भी व्यक्ति या वाहन उसे पार ना करे। उन्होंने कहा कि सभी पुल पुलियाओं पर कोटवार या अन्य कर्मचारी तैनात करें और खतरे की जानकारी देने वाले सूचना पट भी लगवाएं। उन्होंने इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता से करने के लिए कहा। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की कार्यपालन यंत्री को निर्देश दिए कि कोई भी बोरवेल का मुंह खुला ना रहे, बोरवेल का मुंह कैप लगाकर बंद किया जाए, ताकि किसी दुर्घटना की आशंका न रहे।

बैठक में जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, अपर कलेक्टर अरविंद चौहान, एसडीएम पुनासा शिवम प्रजापति, सहायक कलेक्टर कृष्णा सुशीर सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी भी मौजूद थे।

### अनुपस्थित अधिकारियों का वेतन काटने के दिए निर्देश

कलेक्टर श्री गुप्ता ने खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के दोनों निरीक्षकों के बैठक में अनुपस्थित रहने पर नाराजगी प्रकट की तथा उनका वेतन काटने के निर्देश दिए। उन्होंने हाउसिंग बोर्ड के कार्यपालन यंत्री के बैठक में अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए।